कार्यालय नगर परिषद बरौली, गोपालगंज।

Email-barauli.ulb@gmail.com phone no 06151-299940

अति अल्पकालीन आम सूचना (स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन) संख्या 03/2024–25

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–4081 दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

1. **स्वच्छता साथी कौन होगें**

   i) स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

   ii) अभ्यर्थी की उम्र 40 से अधिक न हो।

   iii) अभ्यर्थी कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।

   iv) अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सकें।

   v) अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

   vi) अभ्यर्थी के रुप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकता है।

   vii) नगर परिषद् स्तर पर कुल–10 स्वच्छ साथी का चयन किया जाना है।

2. **स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :–**

   i) कार्य अवधि पॉच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।

   ii) प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।

   iii) छूटटी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।

   iv) मानदेय प्रत्येक माह में एक से पांच तारीख तक देय होगा।

   v) मानदेय कर्मी के Bank Account में ही भेजा जाएगा।

   vi) प्रतिदिन रु0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300X20=6000.00 रु0 मानदेय के रुप में देय होगा

   vii) स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिये Hire किया जायेगा, जिसकी अवधि अक्टुबर 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।

   viii) प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिय engage किया जायेगा।

   ix) 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।

   x) सभी स्वच्छ साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।

   xi) छूटटी एंव अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी, देखेंगें।

   xii) किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नही होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

3. **स्वच्छता साथी के चयन की प्रक्रिया**

i) अभ्यार्थी को अपना आवेदन नगर परिषद, बरौली कार्यालय में 13 फरवरी 2025 तक जमा करना होगा।

ii) अभ्यार्थी आवेदन पत्र नगर परिषद, बरौली कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

iii) अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों की फोटोकॉपी स्वअभिप्रमाणित कर नगर परिषद, बरौली कार्यालय काउंटर पर अपराह्न 05:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

iv) सभी अभ्यार्थी साक्षात्कार वाले दिन अपने सभी दस्तावेज यथा–संबंधित मूल प्रमाण पत्र अंक प्रमाण पत्र और आधार कार्ड अवश्य लाना सुनिश्चित करेंगे।

v) साक्षात्कार दिनांक–18 फरवरी 2025 को नगर परिषद, बरौली के सभागार में 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित कि जाएगी।

नोट :– 01. यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है, अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नही होगा। स्वच्छता साथी नगर परिषद के कर्मी नही माने जायेगे एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक / संविदा / नियमित का नियुक्ति का दावा मान्य नही होगा।

02. विस्तृत जानकारी नगर परिषद बरौली, गोपालगंज के कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

29/01/2025

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बरौली,
गोपालगंज।